हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शनिवार, 19 अप्रैल 2025

11 एसडीएम ने किया डाडम, खानक की पहाड़ियों...



12 समस्याओं के समाधान के लिए एनएसयूआई...






## खबर संक्षेप

### रिटायर्ड इंस्पेक्टर इंद्र सैनी के निधन पर जताया शोक

**भिवानी।** ढाणा रोड पर नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था के संस्थापक सुरेश सैनी व भाजपा नेता रमेश सैनी के पिता रेलवे सुरक्षा विशेष बल से सेवानिवृत्त इंस्पेक्टर इंद्र सैनी के निधन पर महंत चरणदास ने शोक जताया एवं दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी। महंत चरणदास महाराज ने कहा कि इंद्र सैनी अनुशासित, सेवाभावी और सामाजिक सरोकारों से जुड़े हुए व्यक्तित्व थे।

### ट्रेन से कटकर अज्ञात व्यक्ति की मौत

**चरखी दादरी।** शहर के रोहतक रोड पर रेलवे फाटक के समीप ट्रेन से कटकर व्यक्ति की मौत हो गई। जीआरपी पुलिस ने शव की कब्जे में लेकर सामान्य अस्पताल में भिजवा दिया और शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए हैं। पुलिस को सूचना मिली कि रोहतक रेलवे फाटक के समीप पटरी पर एक व्यक्ति का सिर कटा शव पड़ा हुआ है। सूचना के बाद जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची।

### घरेलू काम करते समय महिला को लगा करंट

**चरखी दादरी।** शुक्रवार सुबह हिंडोल निवासी महिला की करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस ने इत्तेफाकिया कार्रवाई के बाद दादरी सामान्य अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम करवाया। जानकारी अनुसार हिंडोल निवासी बिमला (69) देवी शुक्रवार को घर में साफ सफाई कर रही थी, उसी दौरान उसका हाथ आटा चक्की की कटी तार को छू गया और करंट की चपेट में आ गई।

### चौकीदार से मारपीट मामले में दो गिरफ्तार

**बवानीखेड़ा।** थाना बवानी खेड़ा पुलिस में सुधी तालाब बवानी खेड़ा पर चौकीदारी कर रहे चौकीदार का रास्ता रोककर मारपीट करने व धमकी देने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। अभियोग में प्रभावी कार्यवाही करते हुए थाना बवानी खेड़ा के उप निरीक्षक संजय कुमार ने चौकीदार के साथ मारपीट मारपीट के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान मोनू वार्ड 7 बवानी खेड़ा और राकेश वार्ड 6 बवानी खेड़ा के रूप में हुई है।

### शिव महापुराण कथा का आयोजन 20 से

**बहल।** बहल की बेटियों द्वारा बैसाख मास पर आयोजित होने वाली शिव महापुराण कथा का आयोजन 20 से 24 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा। कथा का वाचन चैन्नई से आए पंडित कमल जी सूंठवाल द्वारा किया जाएगा। कथा का आयोजन ब्रह्मदत्त मेमोरियल हॉल में किया जाएगा।

### विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन जल्द

**बहल।** बीआरसीएम पब्लिक स्कूल बहल में आईईसी गतिविधि के माध्यम से हीमोफीलिया बीमारी से ग्रस्त मरीजों के लिए विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। पीएचसी बहल के चिकित्साधिकारी डॉ. संदीप यादव ने बताया कि बीआरसीएम शिक्षण संस्थान में चल रहे एनसीसी शिविर में शिविरार्थियों के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में भिवानी अस्पताल से टीम रक्त लेने पहुंचेगी।

## पड़ोसी जिलों से भी बुलानी पड़ी अग्निशमन की गाड़ियां, जेसीबी से दीवार तोड़कर डाली पानी की बौछारें

# साढ़े छह घंटे धधकी आग, लाखों का सामान जला

**गनीमत यह रही कि आग बेसमेंट के उपर बने रिहायशी इमारत में नहीं पहुंची।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

अलसुबह लोहड़ बाजार इलाके (चंदूहेड़ा)में बेसमेंट में बने एक सेंट्री हाऊस के गोदाम में आग लग गई। आग लगने के कुछ देर बाद लोगों ने अग्निशमन दस्ते को सूचना दी। सूचना मिलते ही दस्ता मौके पर पहुंचा,लेकिन आग की लपटें शांत होने की बजाए और तेज हो गई। गनीमत यह रही कि आग बेसमेंट के उपर बने रिहायशी इमारत में नहीं पहुंची। अगर वहां तक पहुंच जाती तो जान माल का भारी नुकसान होता। चूंकि जिन व्यापारियों का गोदाम था। उनकी इसी गोदाम के उपर रिहायश भी थी। आग करीब साढे छह घंटे तक धधकती रही।

### सुबह लगी थी आग

फायर ब्रिग्रेड के दस्ते आग को बेसमेंट से बाहर निकलने से रोकते रहे। आग बुझाने के लिए दादरी, सिवानी आदि से भी दमकल वाहनों को मंगवाया गया। करीब दोपहर 12 बजे के आसपास आग की लपटें शांत हुई। आग की लपटें शांत होने के बाद ही जिला प्रशासन ने राहत की सांस ली। आग से लाखों रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। जानकारी के अनुसार आग सुबह पांच बजे के आसपास लगी। उस वक्त सुबह जल्दी उठने वाले लोग वहां से गुजर रहे थे।

गोदाम से धुंआ निकलता देख लोगों ने इस बारे में मकान मालिक को सूचना दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड को सूचना दी। शुरू में अग्निशम दस्ते की छोटी गाड़ी लेकर पहुंचे,लेकिन आग का तांडव ज्यादा होने के चलते बड़ी गाड़ी मंगवाई,लेकिन रास्ता न होने की वजह से मौके तक बड़ी गाड़ी नहीं पहुंच पाई। उसके बाद दस्ते के सदस्यों ने जेसीबी मंगवाई और गाड़ी को गोदाम के नजदीक तक ले जाने के लिए रास्ता बनवाया। इस दौरान एक पड़ौसी के प्लाट की चार दिवारी भी तुड़वाई। उसके बाद ही दमकल के वाहन गोदाम के नजदीक तक पहुंच पाए।








**भिवानी।** आग लगने के बाद निकलता धूंआ, आग बुझाते दमकल कर्मचारी व दिवार तोड़कर दमकल वाहन के अंदर जाने का रास्ता बनाती एक जेसीबी। *फोटो : हरिभूमि*

### आग से बैटरी फटने से हुआ धमाका

जिस वक्त गोदाम में आग धधक रही थी। उसी वक्त अचानक आग के बीच से एक जोरदार धमाके की आवाज आई। एक बार तो हर कोई धमाके की आवाज सुनकर भयभीत हो गया,लेकिन बाद में पता चला कि आग में इनवेर्टर के साथ लगी बैटरी में धमाका हुआ है। जानकारी मिलने के बाद ही लोगों ने राहत की सांस ली। इस दौरान मकान की भूतल पर इसी तरह का धमाका हुआ था। पहले तो लोग मान रहे थे कि गैस सिलेंडर में धमाका हुआ है,लेकिन बाद में पता चला कि दूसरी बैटरी आग से फटी है।

### आगजनी के वक्त कई चुनौतियों से भी पड़ा निपटनाः भवानी

नगरपरिषद के चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने बताया कि आज जो आगजनी की घटना हुई है। उसकी सूचना फायर बिग्रेड को उसी वक्त मिल गई थी, गाडियां भी पहुंच गई,लेकिन गलियों में चबूतरे व अतिक्रमण होने की वजह से फायर ब्रिगेड की गाडियां आने बड़ी परेशानी हुई। उनको फायर बिग्रेड के दस्ते के साथ जेसीबी भी बुलानी पड़ी। जेसीबी से रास्ता साफ किया और एक पड़ौस के प्लाट की चार दिवारी तोड़ी तो दमकल का वाहन गोदाम के पास पहुंचा। उन्होंने सभी लोगों से आग्रह किया वे गलियों में अतिक्रमण न करें और किसी को भी करने न दे। साथ ही प्रतिष्ठानों के बाहर व भीतर आग बुझाने के सभी उपकरण लगाए जाने निहायत जरूरी है।

### थोड़े से रास्तों को रखे खुलाः सर्राफ

विधायक घनश्याम सर्राफ ने कहा कि आज अल सुबह जो आगजनी की घटना हुई है। वह बहुत दुखदायी है। लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। गनीमत यह रही कि आग गोदाम के उपरी हिस्सों तक नहीं फैल पाई। उन्होंने कहा कि थोड़ी सी परेशानी अग्निशमन के दस्तों के पहुंचने में हुई। क्योंकि रास्ते खुले नहीं है। जिनके चलते यहां तक पहुंचने में परेशानी हुई। साथ ही उन्होंने दुकानदार साथियों से कहा कि वे अपने प्रतिष्ठानों के भीतर व बाहर आग बुझाने के सभी तरह के उपकरण लगवाए। ताकि किस वक्त किसी को भी जरूरत पड़ सकती है।



**भिवानी।** बेसमेंट की दिवार तोड़कर पाइप से पानी डालकर आग बुझाते हुए।



**भिवानी।** प्लास्टिक में आग लगने के बाद जहरीले धूंऐ से बचने के लिए मास्क व अन्य उपकरण लगाकर जाता एक कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

# मास्टर सुंदरपाल हुए सम्मानित

- शिक्षा एवं सामाजिक कार्यों में बेहतर कार्य करने पर मास्टर सुंदरपाल सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

गांव कारीदास के राजकीय विद्यालय में बतौर अध्यापक अपनी सेवाएं दे रहे मास्टर सुंदरपाल फौगाट को उनके शिक्षा सहित विभिन्न सामाजिक जागरूकता अभियानों के लिए हाल ही में नगर में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय खेल प्रतियोगिता के दौरान मंच पर सम्मानित किया।

उन्होंने बताया कि स्पर्धा में बतौर मुख्यतिथि प्रदेश पंचायत एवं खनन मंत्री कृष्णलाल पंवार व सांसद धर्मबीर सिंह ने मंच पर शॉल ओढाकर प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिहन भेंट कर सम्मानित किया और उन्हें समाजहित में लगातार कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि वोटर जागरूकता, प्रौढ़ व अशिक्षतों को शिक्षित व साक्षर बनाने के लिए उल्लास कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता, पौधरोपण सहित अन्य कामों के लिए सम्मान मिला है।



**चरखी दादरी।** मास्टर सुंदरपाल फौगाट को सम्मानित करते मुख्यतिथि केबिनेट मंत्री कृष्णलाल पंवार। *फोटो : हरिभूमि*

### इन्होंने दी बधाई

उपलब्धि मिलने पर एमोच्चर कबड्डी एसोसिएश चेयरमैन कुलदीप कुलदीप दलाल, सचिव नसीब जांघू, प्रेम दलाल, संदीप सांगवान, राजेश फौगाट आदि ने बधाई दी।

## पहलवान का शक्ति प्रदर्शन व एकेडमी का शुभारंभ कल

**भिवानी।** युवाओं को नशा व फास्ट फूड मुक्त बनाने के उद्देश्य से अखिल भारतीय युवा जनकल्याण संगठन के अध्यक्ष स्टील मैन पहलवान बिजेंद्र सिंह द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान चलाया हुआ है, जिसके तहत उन्होंने 100 शक्ति प्रदर्शन करने का लक्ष्य भी तय किया है। पहलवान बिजेंद्र सिंह द्वारा 96वां शक्ति प्रदर्शन स्टीलमैन ऑफ इंडिया हेल्थ एंड फिटनेस एकेडमी के शुभारंभ पर 20 अप्रैल को किया जाएगा। बिजेंद्र सिंह ने बताया कि शांति नगर में एकेडमी के शुभारंभ व शक्ति प्रदर्शन में बतौर मुख्यतिथि पूर्वमंत्री एवं विधायक घनश्याम दास सर्राफ, अति विशिष्ट अतिथि बॉलीबुड अभिनेता दयाल पहलवान, हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग के वाईस चेयरमैन विजेंद्र बड़गुज्जर शामिल होंगे।

# एसपी ने किया औचक निरीक्षण

- थाना शहर भिवानी का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली
- शिकायतकर्ता की बातों को ध्यान से सुने और अच्छा व्यवहार करे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

थाना शहर भिवानी का निरीक्षण कर थाने का रिकॉर्ड, मालखाना, आपराधिक रिकॉर्ड का निरीक्षण के साथ महिला डेस्क की जांच की। उन्होंने थाने के मुंशी कक्ष और शस्त्रागार में रखे असलहे की जांच की और कंप्यूटर रूम के साथ वायरलेस कक्ष की भी व्यवस्था देखी।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय ने थाना प्रबंधक निरीक्षक सत्यनारायण को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि थाना में आने वाली शिकायतों का इंद्राज कर उन पर कार्रवाई सुनिश्चित करे। सभी अपनी ड्यूटी जिम्मेवारी से निभाये। पुलिस थाने में आने वाले शिकायतकर्ता से सहयोग और सम्मान पूर्वक व्यवहार कर उनकी बातों को ध्यान से सुने। पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रबंधक को थाने का रिकॉर्ड सुरक्षित रखने, थाना परिसर में साफ सफाई रखने के निर्देश दिए और पुलिस कब्जे में लिए गए वाहनों के मामलों का जल्द से जल्द निपटारा करने के निर्देश दे कहा कि थाना में कोई भी कार्य लंबित नही रहना चाहिए। सभी कार्य समय अवधि में पूरे किए जाए। पुलिस अधीक्षक ने थाने में पुलिस जवानों के रहन-सहन व मैस आदि की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए जरूरी दिशा-निर्देश दिए व कहा कि थाना मैस में सफाई का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने सभी पुलिस कर्मचारियों को अपनी ड्यूटी निष्ठापूर्वक करने के निर्देश दिए।



**भिवानी।** थाने का निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक। *फोटो : हरिभूमि*

## राज्य स्तरीय समारोह में जिले में प्रथम रही पीएमश्री भानगढ़ स्कूल की प्राची



**भिवानी।** पानीपत में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में जिले के गांव भानगढ़ स्थित पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्रा प्राची ने अंकनाद प्रतियोगिता में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रा प्राची की उपलब्धि पर प्राचार्य दिलबाग सिंह बाजिया ने बधाई दी। उन्होंन कहा कि प्राची की उपलब्धि ने न केवल अभिभावकों, बल्कि समस्त स्कूल स्टाफ सदस्यों व ग्रामीणों को गौरवांवित किया है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में विजेता का स्वागत करने से अन्य विद्यार्थी भी परिश्रम करने और प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित होते हैं, ऐसे आयोजनों से विद्यालय में सकारात्मक और उत्साहजनक वातावरण बनता है, जो शिक्षा और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों को बढ़ावा देता है। प्राचार्य ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सिर्फ किताबी ज्ञान जरूरी नहीं है, बल्कि उन्हें शिक्षा सहित अन्य गतिविधियों में भाग लेना भी जरूरी है, जिससे न केवल उनका ज्ञान बढ़ता है, बल्कि उनके आत्मविश्वास में भी बढ़ोत्तरी होती है। इस मौके पर अध्यापिका मंजू सहित समस्त स्कूल स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी मौजूद रहे।

## अनेक जगह रह गए टैंक व तालाब खाली

# सुंदर, जुई निल व मिताथल फीडर में पानी छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

इस बार पानी की बेहद कमी रही। हालात ये बने है कि मांग की अपेक्षा आधा पानी मिलने की वजह से कभी जुई तो कभी सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी को बंद ही रखा है। अब पानी की बारी खतम होने के बाद जुई व सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी को बंद कर दिया है,जबकि थोड़ा बहुत बचे पानी को मिताथल फीडर में छोड़ा गया है। फिलहाल मिताथल फीडर में महज 301 क्यूसेक ही पानी बह रहा है। पानी की कमी के चलते गांवों व कस्बों के जोहड़, तालाब व टैंक खाली रह गए। ऐसे में इस बार गर्मी के मौसम में पशुओं के लिए पीने के पानी की भयंकर किल्लत बन सकती है। हालांकि थोड़ा बहुत जलघरों तक पानी पहुंचा है,लेकिन स्टॉक हुए पानी से पूरी गर्मी काम नहीं चल पाएगा। लोगों को पीने के पानी के लिए भयंकर समस्या झेलनी पड़ सकती है। सुंदर ग्रुप की नहरों के लिए सिंचाई विभाग ने साढे 22 सौ क्यूसेक पानी छोड़े जाने की मांग भेजी थी,लेकिन यमुना में पानी कम होने की वजह से उक्त ग्रुप को मात्र एक हजार क्यूसेक ही पानी मिल पाया। जिस वजह से उक्त ग्रुप की नहरों में पानी का भयंकर टोटा ही बना रहा। पानी की कमी के चलते पहले जुई फीडर में पानी छोड़ा गया। चार दिन बाद सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी में पानी छोड़ा गया। केवल तीन दिन ही सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी में पानी चल पाया। आज दोपहर सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी का पानी बंद करके मिताथल फीडर में 301 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। ताकि उक्त फीडर पर पड़ने वाले गांवों के जलघरों में पानी पहुंचाया जा सके। क्योंकि इस सप्ताह मिताथल फीडर में पानी छोड़ा ही नहीं गया था। जिस वजह से इस फीडर पर पड़ने वाले सभी गांवों के जलघर खाली थे। अब पानी पहुंचने के बाद इन गांवों के जलघरों में पानी पहुंचने की उम्मीद बन गई है।



**भिवानी।** पानी बंद होने के बाद एक नहर( मिताथल फीडर में) बहता पानी।

### माइनरों के अंतिम छोर पर नहीं पहुंचा पानी

इस बार नहरी पानी की कमी की वजह से माइनरों व नहरों के अंतिम छोर तक पानी ही नहीं पहुंच पाया। चूंकि नहर में पानी कम था और पानी कम होने की व जह से अंतिम छोर तक का पानी पर्याप्त नहीं था। ऐसे में अंतिम छोर पर पड़ने वाले खेत व जलघरों में पानी नहीं पहुंचा। जिसके चलते इस बार अंतिम छोर पर पड़ने वाले गांवों के खेतों की सिंचाई नहीं हो पाई और न ही जलघरों तक पानी पहुंचा है। जिसके चलते इस बार पीने के पानी की समस्या बन सकती है।

# यंगभूमि



पूरी दुनिया में 700 मिलियन से एक बिलियन कुत्ते हैं।



शुतुरमुर्ग की आंखें उसके मस्तिष्क से भी बड़ी होती हैं।

# स्पेस साइंस में बेहतर करियर के लिए करें ये कोर्स



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

एडवांस्ड टेक्नोलॉजी के कारण आज नए-नए कॅरियर विकल्प युवाओं के लिए खुल रहे हैं, इन्हीं में से एक है स्पेस साइंस। क्या अनंत आकाश आपको अपनी ओर आकर्षित करता है, क्या आपमें ब्रह्माण्ड के रहस्य सुलझाने का जज्बा है, क्या धैर्य और बुद्धि आपके प्लस पॉइंट हैं। यदि हां, तो अंतरिक्ष विज्ञान आपको पुकार रहा है। देश के सैटेलाइट लॉन्चिंग का राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजार में धाक जमने लगी है, जिसके कारण यहां के युवा वैज्ञानियों के के लिए भारतीय व विदेशी अंतरिक्ष विज्ञान के दरवाजे खुलने लगे हैं। इस समय भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो न केवल भारत के उपग्रह अंतरिक्ष में सफलतापूर्वक स्थापित कर रहा है।

## आसमान का संसार

अंतरिक्ष विज्ञान वह शाखा है, जिसके अंतर्गत पृथ्वी से परे करोड़ों ग्रहों, उपग्रहों, तारों, धूमकेतुओं, आकाशगंगाओं एवं अन्य अंतरिक्षीय पिंडों का अध्ययन किया जाता है। इसके अलावा अंतरिक्ष विज्ञान के अंतर्गत उन नियमों एवं प्रभावों का भी अध्ययन किया जाता है, जो इन्हें संचालित करते हैं। अंतरिक्ष विज्ञान में करियर उन हजारों रहस्यों से पर्दा उठाने का अवसर भी होता है, जो अभी तक अनसुलझे हैं। यह न केवल वैज्ञानिक स्वभाव की परीक्षा होती है, बल्कि आपकी जिज्ञासाएं भी स्तर-दर-स्तर शांत होती जाती हैं। इसे अपना करियर चुनने वाले जहां देश के बेस्ट ब्रेन कैटेगरी में शुमार किए जाते हैं, वहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी बुद्धिजीवी के रूप में उनकी विशिष्ट पहचान बनती है।

### क्या है स्पेस साइंस

स्पेस साइंस या स्पेस टेक्नोलॉजी बहुत बड़ा क्षेत्र है। इसके तहत एस्ट्रोनॉमी व एस्ट्रोफिजिक्सए प्रामेट्री एटमॉस्फियर और एयरोनॉमीए अर्थ साइंसेस और सोलर सिस्टम की पढ़ाई आती है। आज के दौर में स्पेस साइंस की कई सब-ब्रांचेज भी हैं। इनमें से मुख्य है कॉस्मोलॉजी, स्टेलर साइंस, प्लेनेटरी साइंस, एस्ट्रोनॉमी, एस्ट्रोलॉजी आदि। साइंस और इंजीनियरिंग की ये शाखाएं अंतरिक्ष के चारों तरफ घूमती हैं।

## जरूरी योग्यताएं

अंतरिक्ष विज्ञान में करियर बनाने के लिए सबसे पहले आपको 11वीं कक्षा में गणित विषय लेना होगा, 12वीं गणित में उत्तीर्ण करने के बाद आपको बीएससी की डिग्री लेनी होगी, जहां आपके विषयों में फिजिक्स एवं गणित भी होना जरूरी है। साइंस से स्नातक होने के बाद आप एस्ट्रोनॉमी थ्योरी या एस्ट्रोनॉमी ऑब्जर्वेशन कोर्स चुन सकते हैं। वहीं मास्टर्स डिग्री के बाद विशिष्ट कोर्सेज में प्रवेश लिया जा सकता है। यदि आप बारहवीं के बाद इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल कम्युनिकेशन में बीई करते हैं, तो आप इंस्ट्रूमेंट एस्ट्रोनॉमी या एक्सपेरिमेंटल एस्ट्रोनॉमी के क्षेत्र में करियर बना सकते हैं। इसी दिशा में आगे बढ़ने पर आगे एस्ट्रोनॉमी में पीएचडी भी कर सकते हैं। अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में देश में केवल मास्टर स्तर व पीएचडी प्रोग्राम ही विश्वविद्यालयों में सामान्यत उपलब्ध हैं। वहीं एक वर्षीय ज्वॉइंट एस्ट्रोनॉमी प्रोग्राम इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, बेंगलुरू चलाती है। यह प्रोग्राम इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रोफिजिक्स, रमण रिसर्च इंस्टीट्यूट और टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च, मुंबई के साथ मिलकर चलाया जाता है। कोर्स की समाप्ति के बाद आपको इन्हीं इंस्टीट्यूट्स में से एक में पीएचडी की भी ऑफर दी जाती है।

### एस्ट्रोनॉट बनने के लिए यह गुण जरूरी

एस्ट्रोनॉट बनने के लिए कई गुण बहुत जरूरी है, उसमें से एक है आकाश में तारों के पैटर्न, उनकी हलचल आदि का अध्ययन करना। यह बहुत लंबा और समय लेने वाला पेचीदा काम है। इसलिए धैर्य इस पेशे का पहला व सबसे जरूरी गुण भी है। वहीं अगली बेहद जरूरी विशेषता आपका जिज्ञासु होना है। इस फील्ड में पूरे आत्मविश्वास और उत्साह से रहस्यमयी प्रश्नों के उत्तर तलाशने होते हैं। आपमें चीजों के प्रति साइंटिफिक एप्रोच के अलावा प्रोग्रामिंग स्किल भी बेहतरीन होनी जरूरी है।

## स्पेस साइंस में ये करियर ऑप्शन

### एस्ट्रोनॉमी

स्पेस सांइस में एक एस्ट्रोनॉमी का कार्य आउटर स्पेस का रिसर्च करना होता है। इसमें सौर मंडल, तारे, आकाशगंगा, ग्रह आदि शामिल होता है। जिस पर ये जमीन से ही रिसर्च कर यहां पर होने वाली विभिन्न घटनाओं का पता लगाते हैं।

### एस्ट्रोनॉट

एस्ट्रोनॉट के बारे में लगभग सभी लोग जानते हैं, ये वो लोग होते हैं, जो अंतरिक्ष में चहलकदमी कर अपने सपनों को पूरा करते हैं। इनका कार्य स्पेस स्टेशन पर रहकर रिसर्च करना है। इन्हें स्पेस स्टेशन में महीनों रहना पड़ता है।

### स्पेस टेक्नोलॉजी

इस फील्ड में स्पेस टेक्नोलॉजी का करियर भी काफी शानदार माना जाता है। इसमें सेटेलाइट, स्पेस स्टेशन, स्पेसक्रॉफ्ट, स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर इक्यूमेंट को डिजाइन करने का कार्य किया जाता है।

### स्पेस इंजीनियरिंग

स्पेस इंजीनियर का सबसे प्रमुख कार्य होता है। ये किसी भी स्पेस अभियान से जुड़े सभी इक्यूमेंट को डिजाइन करते हैं। यहां पर एयरोस्पेस, रोबोटिक्स, मटेरियल साइंस, कंप्यूटर इंजीनियरिंग के साथ ही मैकेनिकल और टेलीकॉम इंजीनियरिंग जैसे कई फील्ड में इंजीनियर कार्य करते हैं।

### स्पेस रिसर्च

इस काफी व्यापक फील्ड माना जाता है। स्पेस रिसर्च में अलग-अलग फील्ड के विशेषज्ञ शामिल होते हैं। जैसे- एस्ट्रोफिजिसिस्ट, बायोलॉजिस्ट, बायोकैमिस्ट और बायोफिजिसिस्ट, जियोलॉजिस्ट और एस्ट्रोबायोलॉजिस्ट। ये सभी अपनी विशेषता के अनुसार कार्य करते हैं।

### स्पेस लॉ

आंतरिक्ष के क्षेत्र से जुड़ी गतिविधियों को नियंत्रित करने वाला लॉ है। इसमें देशों व कंपनियों के बीच समझौतों, संधियों, सम्मेलनों और संगठनों के नियमों की जानकारी हासिल की जाती है। आज के समय में जिस तरह स्पेस में भीड़ बढ़ रही है, उसे देखते हुए स्पेस लॉ में अच्छा करियर ऑप्शन बन सकता है।

### स्पेस टूरिज्म

स्पेस के फील्ड में यह सबसे तेजी से उभरता हुआ फील्ड है। इसमें अब कई नई प्राइवेट कंपनियां आ रही हैं। यहां पर युवाओं के लिए करियर बनाने का शानदार मौका है। आज के समय में स्टेस टूरिज्म के क्षेत्र में वर्जिन गेलेक्टिक, ब्लू ओरिजिन, ओरियन, स्पेसएक्स, ओरियन स्पैन और बोइंग जैसी कंपनियां लगी हुई हैं।

---

हेल्थकेयर एडमिनिस्ट्रेशन के तौर पर भी जाना जाता है इस फील्ड को

# हॉस्पिटल मैनेजमेंट का कोर्स कर कॅरियर को दें नई उड़ान, इस फील्ड में होगी लाखों की कमाई

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

कोरोना महामारी के बाद हेल्थ सेक्टर में कई बड़े बदलाव हुए हैं। साथ ही कॅरियर के तौर पर भी कई ऑप्शन सामने आए हैं। बता दें कि पहले नर्सिंग और एमबीबीएस कर मेडिकल सेक्टर में कॅरियर बनाया जा सकता था। लेकिन अब इस सेक्टर में मेडिकल की डिग्री के बिना भी आप अपना कॅरियर बना सकते हैं। इन्हीं में से एक कॅरियर ऑप्शन हॉस्पिटल मैनेजमेंट का है। हॉस्पिटल मैनेजमेंट को हेल्थकेयर एडमिनिस्ट्रेशन और हेल्थ एडमिनिस्ट्रेशन के तौर पर भी जाना जाता है। इस सेक्टर से जुड़े लोगों के अनुसार, स्वास्थ्य संबंधित सेवाओं के विस्तार के अलावा हॉस्पिटल मैनेजमेंट के क्षेत्र में भी काम बढ़ रहा है। आइए जानते हैं आप कैसे इस सेक्टर में अपना कॅरियर शुरू कर सकते हैं।

### जानिए क्या है हॉस्पिटल मैनेजमेंट



बता दें कि हॉस्पिटल मैनेजमेंट हेल्थ केयर एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट के क्षेत्र में आता है। इसका काम हॉस्पिटल में सभी व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से चलवाना है। इसके अलावा इसका काम यह सुनिश्चित करना है कि हॉस्पिटल आने वाले मरीजों और वहां काम करने वाले कर्मचारियों को किसी तरह की कोई समस्या ना हो। हॉस्पिटल मैनेजमेंट टीम इन व्यवस्थाओं को सुनियोजित करने का काम भी करती है।

### अहम है यह फील्ड

हॉस्पिटल मैनेजमेंट के तहत हॉस्पिटल में चलने वाली कैंटीन से लेकर लिफ्ट तक का कार्यभार ही आता है। किसी भी संचालन में कमी और अस्पताल में होने वाले हादसों की जिम्मेदारी भी हॉस्पिटल मैनेजमेंट की होती है। एक सर्वे के मुताबिक भारत में साल 2025 तक 10 लाख से ज्यादा हॉस्पिटल मैनेजर्स की जरूरत होगी।

### हॉस्पिटल मैनेजमेंट कोर्स

कई संस्थान हॉस्पिटल मैनेजमेंट में बैचलर की डिग्री देते हैं। यह कोर्स 3 साल का होता है। इसके अलावा आप इसमें प्रोफेशनल कोर्स में मास्टर्स डिग्री भी प्राप्त कर सकते हैं। वर्तमान समय में हॉस्पिटल मैनेजमेंट के कोर्स में एमबीए वालों को प्राथमिकता दी जा रही है। वहीं प्राइवेट संस्थान हॉस्पिटल मैनेजमेंट कोर्स डिप्लोमा सर्टिफिकेट भी देते हैं।

## इस क्षेत्र में काम तेजी से बढ़ रहा



### क्या चाहिए क्वालिफिकेशन

हॉस्पिटल मैनेजमेंट कोर्स करने के लिए स्टूडेंट का 12वीं कक्षा साइंस स्ट्रीम के साथ पास होना आवश्यक होता है। यह कोर्स करने के लिए छात्र के 12वीं में बायोलॉजी में न्यूनतम 50% अंक होने जरूरी है। कुछ शैक्षणिक संस्थान इंटरव्यू और टेस्ट के आधार पर भी इस कोर्स में दाखिला देते हैं।

### यहां से करें हॉस्पिटल मैनेजमेंट कोर्स

अपोलो इंस्टिट्यूट ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन, हैदराबाद

इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल वेलफेयर एंड मैनेजमेंट, कोलकाता

आर्म्ड फोर्सेज मेडिकल कॉलेज, पुणे

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर

एम्स, नई दिल्ली

> हॉस्पिटल मैनेजमेंट को हेल्थकेयर एडमिनिस्ट्रेशन और हेल्थ एडमिनिस्ट्रेशन के तौर पर भी जाना जाता है। इसका काम हॉस्पिटल में सभी व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से चलवाना है।

### 40 से 50 हजार रुपये सैलरी

हॉस्पिटल मैनेजमेंट कोर्स करने के बाद उम्मीदवार 40 से 50 हजार रुपये प्रतिमाह कमाने का मौका मिलता है। इसके अलावा सरकारी संस्थान में एक से डेढ़ लाख रूपए महीने की सैलरी उठा सकते हैं। समय और अनुभव बढ़ने के साथ ही सैलरी में भी बढ़ोतरी होती जाएगी। यह एक ऐसा फील्ड है जिसमें आने वाले समय में करियर बनाने के काफी स्कोप है। आज के आधुनिक समय में लोगों को किसी भी बीमारी का सामना करना पड़ता है तो लोग तुरंत हॉस्पिटल में भर्ती होते हैं। कोरोना के दौरान जब लाखों की संख्या में लोग अस्पतालों में भर्ती हुए तो उस समय मैनेजमेंट सिस्टम पूरी तरह चरमरा गया था

---

कर सकते हैं फुल टाइम वर्क भी

# 12वीं के बाद करें गेम डिजाइनिंग का कोर्स, कॅरियर ग्रोथ के साथ मिलेगा लाखों रुपये का पैकेज

**अगर आप भी** 12वीं के बाद किसी ऐसे कोर्स की तलाश में हैं, जहां पर आपके कॅरियर ग्रोथ के साथ अच्छा पैसा कमा सकें। तो बता दें कि आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको एक बेहतरीन कॅरियर आप्शन के बारे में बताने जा रहे हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको गेमिंग इंडस्ट्री के बारे में जरूरी जानकारी देने जा रहे हैं। बता दें कि इस फील्ड में आने के बाद आपको किस तरह का कॅरियर ग्रोथ मिलेगा। इस फील्ड में आने के लिए क्या क्वालिफिकेशन चाहिए होती है, इन सारे सवालों के जवाब आपको इस आर्टिकल में मिलेंगे। ऐसे में अगर आप भी 12वीं के बाद किसी बेहतरीन फील्ड की तलाश में हैं, तो गेमिंग फील्ड आपके लिए एक अच्छा ऑप्शन साबित हो सकता है। वर्तमान समय की बात करें तो देश में गेमिंग इंडस्ट्री में 50,000 से ज्यादा लोग फुल टाइम वर्क कर रहे हैं। जिसमें से 30 फीसदी लोग प्रोग्रामर और डेवलपर के तौर पर काम कर रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक साल 2022-23 में यह फील्ड 20-30 प्रतिशत की दर से ग्रोथ करेगा। वहीं इस फील्ड में डायरेक्ट और इनडायरेक्ट तौर पर लाखों की संख्या में जॉब्स पैदा होने की संभावनाएं हैं।

### गेम डिजाइनर

गेम डिजाइनर गेम के कैरेक्टर्स, गेम के लेवल के अलावा तमाम बारीकियों को ध्यान में रखकर उसे इंट्रेस्टिंग बनाने पर फोकस करते हैं। वहीं गेम राइटर डायग्राम आदि बनाकर उसके अलग-अलग वर्जन को तैयार करते हैं। गेम डिजाइनर को टेक्निकल नॉलेज होने के साथ ही सोच में क्रिएटिविटी भी होनी चाहिए। गेम तैयार करने के लिए उसकी डिजाइन, डेवलपर्स, आर्टिस्ट्स और अन्य प्रोफेशनल की टीम एक साथ वर्क करती है।

### क्वालिफिकेशन

- छात्र ने साइंस स्ट्रीम से 12वीं पास किया हो।
- कंप्यूटर और सॉफ्टवेयर की नॉलेज होना जरूरी होता है।
- गेम डिजाइनर बनने के लिए आपकी इंग्लिश भाषा पर अच्छी पकड़ होनी जरूरी है।
- इस फील्ड में आप गेम डिजाइनिंग, गेम डेवलपिंग, आर्ट, एनिमेशन, कंप्यूटर साइंस, कंप्यूटर ग्राफिक्स, इलस्ट्रेशन या मार्केटिंग में बैचलर डिग्री या पेशेवर सर्टिफिकेशन कोर्स कर सकते हैं।

### जरूरी स्किल्स

- गेमिंग फील्ड में कॅरियर बनाने वाले स्टूडेंट्स के पास कैरेक्टर डिजाइन, एनिमेशन, कांसेप्ट आर्ट और विजुअल इफेक्ट की जानकारी होनी चाहिए।
- इस फील्ड में 2 डी गेम डेवलपर्स, 3 डी गेम डेवलपर्स और जावा आदि में अपार संभावनाएं हैं।
- इस फील्ड में डिजाइनिंग के साथ 2डी सॉफ्टवेयर और 3डी मॉड्यूलिंग की नॉलेज होना बहुत जरूरी है।
- ऑडियो इंजीनियर के लिए युवाओं के पास साउंड इंजीनियरिंग और अन्य लैंग्वेज की जानकारी होना बेहद जरूरी है।

### जॉब प्रोफाइल

इस फील्ड में युवा एनिमेटर, क्यूएक टेस्टर, ऑडियो इंजीनियर, गेम डिजाइनर, गेम डेवलपर, सॉफ्टवेयर इंजीनियर और प्रोड्यूसर, मैनेजर्स, कास्टर्स, ईस्पोर्ट्स प्रोफेशनल्स, स्ट्रीमर्स, इंफ्यूएंसर्स के तौर पर अपना कॅरियर बना सकते हैं।

---

# नकली समाचार का खतरा और युवाओं का डिजिटल मंचों की ओर झुकाव



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

आज के डिजिटल युग में सूचना का प्रवाह इतना तेज है कि सही और गलत जानकारी के बीच अंतर करना मुश्किल हो गया है। नकली समाचार, जिसे अंग्रेजी में "फेक न्यूज" कहा जाता है, युवाओं के लिए एक गंभीर खतरा बन चुका है। यह न केवल उनकी सोच को प्रभावित करता है, बल्कि उनकी मानसिक और भावनात्मक स्थिति पर भी असर डालता है। यही कारण है कि आज की युवा पीढ़ी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से दूरी बनाकर डिजिटल मंचों की ओर अधिक आकर्षित हो रही है। इस लेख में हम नकली समाचार के खतरों, युवाओं के इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से दूरी बनाने के कारणों और पढ़ाई में बेहतर करने के लिए प्रेरणा के तरीकों पर चर्चा करेंगे।

## गलत और भ्रामक जानकारी दी जा रही

नकली समाचार का युवाओं पर प्रभाव

नकली समाचार ऐसी जानकारी होती है जो जानबूझकर गलत या भ्रामक होती है। यह सोशल मीडिया, व्हाट्सएप, और अन्य डिजिटल मंचों के माध्यम से तेजी से फैलती है। युवा, जो अपने विचारों को आकार देने के लिए सूचनाओं पर निर्भर रहते हैं, अक्सर ऐसी खबरों का शिकार हो जाते हैं। इसके कुछ प्रमुख प्रभाव हैं:

**गलत धारणाएं बनना:** नकली समाचार युवाओं में गलत विश्वास पैदा करते हैं, जैसे किसी समुदाय, व्यक्ति या घटना के प्रति नफरत या गलत धारणा।

**मानसिक तनाव:** भ्रामक खबरें डर, चिंता और अविश्वास को बढ़ावा देती हैं, जिससे युवाओं का मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित होता है।

**समय की बर्बादी:** ऐसी खबरों को पढ़ने और उन पर बहस करने में युवा अपना कीमती समय खो देते हैं, जो उनकी पढ़ाई और करियर पर असर डालता है।

**सामाजिक विभाजन:** नकली समाचार समाज में विभाजन पैदा करते हैं, जिससे युवा अपनी एकता और सामाजिक मूल्यों को खोने लगते हैं।

**इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से दूरी क्यों?**

इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, जैसे टीवी न्यूज चैनल, अक्सर सनसनीखेज और अतिशयोक्तिपूर्ण खबरें दिखाते हैं। ये खबरें दर्शकों का ध्यान खींचने के लिए बनाई जाती हैं, लेकिन इनमें सच्चाई की कमी होती है।

## टीवी पर एकतरफा कवरेज

**विश्वास की कमी:** युवा न्यूज चैनलों पर भरोसा नहीं करते, क्योंकि उन्हें लगता है कि ये चैनल पक्षपातपूर्ण या प्रायोजित हैं।

**डिजिटल मंचों की स्वतंत्रता:** सोशल मीडिया और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर युवाओं को अपनी पसंद की सामग्री चुनने की आजादी मिलती है, जो उन्हें इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से ज्यादा आकर्षक लगती है।

**सूचना की अधिकता:** डिजिटल मंचों पर युवा कई स्रोतों से जानकारी ले सकते हैं और तुलना कर सकते हैं, जबकि टीवी पर एकतरफा कवरेज मिलता है।

**मनोरंजन का विकल्प:** डिजिटल प्लेटफॉर्म पर मनोरंजन, शिक्षा और समाचार एक साथ उपलब्ध हैं, जो युवाओं को अधिक उपयोगी लगता है।

यहां कुछ तरीके दिए गए हैं, जिनसे युवा खुद को प्रेरित कर सकते हैं:

**लक्ष्य निर्धारित करें:** छोटे और बड़े लक्ष्य बनाएं, जैसे रोजाना एक नया टॉपिक पढ़ना या सप्ताह में एक कौशल सीखना। यह प्रगति का अहसास दिलाएगा।

**सूचना सत्यापन:** हर खबर को बिना जांचे स्वीकार न करें। विश्वसनीय स्रोतों जैसे किताबें, शैक्षिक वेबसाइट्स और विशेषज्ञों की राय पर भरोसा करें।

**समय प्रबंधन:** सोशल मीडिया और न्यूज देखने का समय सीमित करें।

## सामान्य ज्ञान

**1.** निम्नलिखित में से उस यंत्र का नाम बताइए जो कम्प्यूटर को टेलीफोन लाइनसे जोड़ता है
(ए) स्कैनर
(बी) मॉडेम
(सी) सी.डी.रोम
(डी) प्रिंटर

**2.** कम्प्यूटर सिस्टम के किस भाग को भौतिक रूप से स्पर्श किया जाता है
(ए) डाटा
(बी) ओएस
(सी) हार्डवेयर
(डी) सोफ्टवेयर

**3.** डॉट मेट्रिक्स किसका एक प्रकार है
(ए) टेप
(बी) डिस्क
(सी) प्रिंटर
(डी) बस

**4.** सीडी-रोम है एक?
(ए) सेमीकंडकटर मेमोरी
(बी) मैग्नेटिक मेमोरी
(सी) मेमोरी रजिस्टर
(डी) इनमे से कोई नही

**5.** एकछोटे सिलिकॉन चिप पर ट्रांजिस्टरों और अन्य इलेक्ट्रोनिक उपकरणों के साथ पोर्न इलेक्ट्रोनिक सर्केट को.....कहते है
(ए) वर्क स्टेशन
(बी) सीपीयू
(सी) मैग्नेटिक डिस्क
(डी) इंटिग्रेटेड सर्किट

**6.** ....कम्प्यूटर को बताती है की इसके उपकरणों का प्रयोग कैसे करण चाहिए
(ए) यूटिलिटी
(बी) नेटवर्क
(सी) एप्लीकेशन
(डी) ओपी

**7.** सी, बेसिक, केबोल और जावा ...... भाषाओं के उदहारण है
(ए) लो लेबल
(बी) कम्प्यूटर
(सी) सिस्टम प्रोग्रामिंग
(डी) हाई लेबल

उत्तर 1.(बी) 2.(सी) 3.(सी) 4.(बी) 5.(डी) 6.(डी) 7.(डी)

## खबर संक्षेप



तात्या टोपे को नमन करते भाजपाई।

### भाजपाइयों ने तात्या टोपे को दी श्रद्धांजलि

**भिवानी।** शुक्रवार को महान क्रांतिकारी तात्या टोपे का बलिदान दिवस मनाया गया। तात्या टोपे ने ही आजादी के लिए लड़ी जाने वाली पहली लड़ाई में अहम भूमिका निभाई थी। टोपे का नाम उन लोगों में शामिल है, जिन्होंने सबसे पहले अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह शुरू किया था। आज के दिन को पूरे देशभर में बलिदान दिवस के तौर पर मनाया जाता है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने तात्या टोपे के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा नेता रीतिक वधवा ने कहा कि देश में आजादी का बिगुल फूंकने वाले कई बड़े नामों में एक नाम तात्या टोपे का भी है, जिन्होंने देश में न सिर्फ 1857 में स्वतंत्रता संग्राम की नींव रखी बल्कि पूरे देश में आजादी की चेतना का सूत्रपात किया और गुलामी को अपनी नियती मान चुकी पूरे देश की जनता को बताया कि आजादी क्या होती है और उसे हासिल करना कितना जरूरी है। तात्या टोपे का असली नाम रामचंद्र रघुनाथ टोपे था।



### फ्रॉड के रुपये दूसरे के खातों में डलवाने का आरोपी काबू

**चरखी दादरी।** साइबर क्राइम पुलिस ने धोखाधड़ी की राशि दूसरे के बैंक खाते डालने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। दादरी निवासी अर्पिता ने पुलिस को शिकायत में बताया कि गोपाल बंसल की उनके परिवार के साथ अच्छी जान पहचान है। गोपाल बंसल ने नवंबर 2023 में उसके पिता से कहा कि व्यापारिक सहयोगियों से व्यापार संबंधित राशि प्राप्त करने के लिए उनके बैंक खातों की आवश्यकता है, वह व्यापारिक लेनदेन को अपने खातों में प्राप्त नहीं करना चाहता है। गोपाल ने कहा कि अगर आपके बैंक खाते में रुपये आएंगे तो 20 हजार रुपये कमिशन दिया जाएगा। अर्पिता ने बताया कि आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण उसके पिता ने गोपाल बंसल को बैंक खाते का विवरण दे दिया, उसी दिन शाम को गोपाल बंसल फिर से उनके घर आया और उसके पिता को अन्य बैंक खाते की व्यवस्था करने के लिए बोला। पिता ने मेरा बैंक खाता गोपाल बंसल को दे दिया। बैंक खाते में उनको 11.10 लाख रुपये प्राप्त हुए। इसके बाद गोपाल बंसल ने बैंक से राशि निकलवाकर दे दी। अर्पिता ने बताया कि उसके कुछ दिन बाद सेंट्रल साइबर पुलिस स्टेशन के अधिकारियों ने धोखाधड़ी के आरोप में मेरे पिता की गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गोपाल बंसल ने आपके खाते में धोखाधड़ी की राशि ट्रांसफर है। पुलिस ने शंकर कालोनी निवासी आरोपी गोपाल बंसल को गिरफ्तार कर लिया था।

# एसडीएम ने डाडम, खानक, खरकड़ी निगाना पहाड़ियों का निरीक्षण किया

## खनन और वन विभाग के अधिकारियों को दिए लगातार निगरानी के निर्देश

### किसी भी स्थिति में न हो अवैध माइनिंग: नैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

एसडीएम डॉ अशवीर सिंह नैन ने शुक्रवार को डाडम, खानक, खरकड़ी सोहान, निगाना, धारण, रिवासा की पहाड़ियों का निरीक्षण किया। एसडीएम ने डाडम पहाड़ी की खदानों सहित पहाड़ी क्षेत्र का निरीक्षण कर अधिकारियों को पहाड़ी क्षेत्र में लगातार निगरानी किए जाने के निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि खनन अधिकारी पहाडी में जाने वाले तमाम बंद रास्तों की यथास्थिति रखना सुनिश्चित करें। इससे पहले एसडीएम ने उपमंडल कार्यालय में अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में अवैध माइनिंग नहीं होनी चाहिए। एसडीएम डॉ अशवीर नैन शुक्रवार को अचानक डाडम, खानक, निगाना, खरकड़ी सोहान, दुल्हेड़ी, धारण, रिवासा की पहाड़ियों का निरीक्षण करने पंहुचे। एसडीएम ने पहाड़ियों में जाने वाले रास्तों का निरीक्षण किया और खनन अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्षेत्र का लगातार दौरा करते रहें। उन्होंने निर्देश दिए कि खनन अधिकारी सुनिश्चित करें कि किसी भी स्थिति में अवैध माइनिंग न हो। उन्होंने कहा कि पहाड़ी इलाके की निरंतर निगरानी बनाए रखें। पहाडियों पर निगरानी के लिए पेट्रोलिंग को बढ़ाएं।

एसडीएम ने खनन अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि मामले में कोताही की तो कड़ी कार्रवाई होगी, ऐसे में लगातर निगरानी करते रहें। इस दौरान एचएसआईआईडीसी से मैनेजर अनिल कुमार , खनन विभाग से हितेश कुमार, ग्राउंड वाटर शैल से चंद्रप्रकाश, वन विभाग से बजरंग, पर्यावरण विभाग से चंचल, इंस्पेक्टर जयभगवान, एसडीओ चेतन, कानूनगो राजेन्द्र जाखड़, सुनील पटवारी आदि अधिकारी एवं कर्मचारी साथ रहे।





तोशाम। खानक की पहाडियों का निरीक्षण करने जाते एसडीएम। व पहाड़ों के राजस्व रिकार्ड की जांच करते एसडीएम।

#### अरावली क्षेत्र की निगरानी हो

एसडीएम ने वाहन संचालकों को निर्देश दिए कि नियमानुसार लोड रखें और कागजात पूरे हों। एसडीएम ने कहा कि प्रत्येक वाहन मालिक तय लोड को ही भरवाना सुनिश्चित करें। एसडीएम डॉ अशवीर नैन ने बताया की पहाड़ियों का निरीक्षण किया गया है। डाडम पहाड़ी में खनन कार्य पूर्णतया बन्द है। इसके लिए लगातार निगरानी के निर्देश दिए गए हैं।



आस्था स्पेशल स्कूल में वॉल फेन सौंपते रोटरी कल्ब के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## रोटरी क्लब ने आस्था स्पेशल स्कूल में तीन वॉल फेन दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

आस्था स्पेशल स्कूल में रोटरी क्लब के अध्यक्ष नवीन जिंदल की टीम ने पहुंचकर तीन दीवारवाले पंखे भेंट किए। नवीन ने बताया की आस्था स्कूल वास्तव में दिव्यांग बच्चों के उत्थान के लिए जुनूनी भाव के साथ कार्य कर रहा हैं और हमने आकर आज भिवानी की धरा पर अनूठा कार्य देखा कि एक दंपति सुमन शर्मा व विजय शर्मा निःस्वार्थ भाव से इन बच्चों के लिए कार्य कर रहा हैं। डॉ. एनके गर्ग ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते बताया कि जो धरातल से जुड़ा कार्य करते हैं, उनको उभारना एवं गति प्रदान करना ही हमारे क्लब का उद्देश्य है।

उन्होंने कहा कि हमारी भावना के अनुसार आस्था स्पेशल स्कूल वास्तव में भिवानी में नेक कार्य हो रहा है और नेक कार्य में तीन पंखे भेंट करके आहुति डाली है, इसके लिए हमें गर्व है। डॉ. तरुण कुलश्रेष्ठ ने अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद पारित करते हुए बताया कि हमेशा यहां साकारात्मक धारा बहती रहती है, जो दिव्यांग बच्चों को ऊर्जावान बना रही हैं। संस्था की प्राचार्या एवं संचालिका एडवोकेट सुमन शर्मा ने क्लब के पदाधिकारीयों का अभिनंदन करते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य है कि प्रत्येक वर्ग स्कूल में आए, जिससे कि हमें और दिव्यांग बच्चों को ऊर्जा मिलती है। उसी ऊर्जा के परिणाम हम आगे बढ़ते रहते हैं। क्लब ने पंखे भेंट किए हैं, वह वास्तव में धन्यवाद के पात्र हैं। कार्यक्रम में दिव्यांग नेत्रहीन स्टार शुभम ने भजन प्रस्तुत किया और दिव्यांग बेटियों ने तिलक लगाकर स्वागत किया।

# गांवों में भाजपा की नीतियों की जानकारी दी

- युवा भाजपा नेता मोहित चौधरी ने विभिन्न गांवों का दौरा किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

लोकसभा सांसद चौ. धर्मबीर सिंह पुत्र एवं युवा भाजपा नेता मोहित ने शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में धन्यवादी दौरा कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित करते हुए पार्टी की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं की जानकारी साझा की। यह कार्यक्रम गांव रासीवास, छप्पार, नरसिंगवास, सारंगपुर, रामपुरा, डोहका हरिया, अटेला खुर्द एवं बरसाना में आयोजित किया गया, जहां मोहित का स्थानीय ग्रामीणों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। उत्साहित कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया और पूरे आयोजन को उल्लासपूर्ण बना दिया। इस मौके पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए युवा भाजपा नेता मोहित चौधरी ने भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों को विश्वास दिलाया कि पार्टी ना केवल विकास के प्रति प्रतिबद्ध है, बल्कि हर नागरिक की समस्याओं का समाधान भी उसकी प्राथमिकता है। दौरे के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से संवाद करते हुए बिजली, पानी, सडक़, स्वास्थ्य जैसी मूलभूत समस्याओं को सुना।



तोशाम। लोगों को संबोधित करते मोहित चौधरी।

# डीएलएसए में साइबर क्राइम पर जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीआर चालिया के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से एडीआर सेंटर के सभागार में साइबर क्राइम, जुवेनाइल जस्टिस एक्ट, पॉक्सो एक्ट 2012 पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सीजेएम-कम-सचिव पवन कुमार ने की। सीजेएम पवन कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराधों पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में नागरिकों की जागरूकता ही साइबर अपराध से बचने का सबसे सशक्त साधन है। उन्होंने सभी विभागों से कहा कि वे अपने स्तर पर भी जागरूकता अभियान चलाएं, ताकि आम जनता सतर्क रह सके और साइबर ठगी का शिकार न बने। बैठक में साइबर सेल से विष्णु ने साइबर सुरक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमें अपने बैंक खाते से संबंधित नंबर या कोई भी संवेदनशील जानकारी किसी के साथ साझा नहीं करनी चाहिए।

#### 'डिजिटल अरेस्ट' जैसा कोई प्रावधान नहीं

विष्णु ने बताया कि भारत में 'डिजिटल अरेस्ट' जैसा कोई प्रावधान नहीं है। अगर कोई व्यक्ति खुद को सरकारी अधिकारी बताकर डराने की कोशिश करे, तो सतर्क रहना चाहिए। उन्होंने बताया कि हैकर्स आमतौर पर हमारे मनोविज्ञान को निशाना बनाकर धोखाधड़ी करते हैं। फर्जी ऐप्स से बचने के लिए उन्होंने 'साइबर दोस्त' और एम-कवच 2' जैसे सरकारी ऐप्स डाउनलोड करने की सलाह दी।

# चिकित्सक बोले- बदलते मौसम में बरतें एहतियात, बढ़ रहे मरीज

**अनिता अरोड़ा**

चिकित्सकों ने की लोगों से अपील: डॉ. अनीता अरोड़ा ने आम जनता से अपील की है कि इस मौसम में विशेष सावधानी बरतें. साफ-सुथरा और ताजा खाना खाएं, खुले में बिकने वाले खाद्य पदार्थों से बचें, और साफ पानी का ही सेवन करें. खासतौर पर छोटे बच्चों की सेहत को लेकर लापरवाही ना करें और अगर किसी में बीमारी के लक्षण नजर आएं तो तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लें।



**रेखा दहिया**

बच्चे और वृद्ध रहें अलर्ट: रेखा दहिया डॉ. रेखा दहिया ने बताया कि बढ़ते गर्मी के प्रकोप से बचने के लिए बार बार पानी पीएं। एसी से तुरंब बाहर न निकले। इस गर्मी की नजाकत को समझते हुए बच्चे व वृद्ध विशेष अलर्ट रहें और घरों में ही रहे। घर से बाहर छाता लेकर या सिर पर गमछा लेकर निकले और बीमार होने पर तुरंत चिकित्सा से उपचार लें।



**उमेद भुक्कल**

खान-पान का रखे ध्यान: डॉ. उमेद भुक्कल ने बताया कि गर्मी के कारण दूषित खानपान, खराब पानी पीने, मच्छरों का प्रकोप, तेज धूप के संपर्क में आने से उल्टी-दस्त, बुखार, डायरिया और डिहाइड्रेशन के मामले तेजी से बढ़े हैं. उन्होंने कहा कि आजकल मरीजों की संख्या में दोगुनी बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। हर इंसान को मौसम को देखते हुए एहतियात बरतनी चाहिए।



**डॉ. बूटाराम**

अस्पतालों में रोज पहुंच रहे सैकड़ों मरीज: डॉ. बूटाराम धमीजा की मानें तो ओपीडी में आने वाले 50 से 60 प्रतिशत मरीज उल्टी-दस्त और बुखार से पीड़ति हैं। गर्मी के कारण बच्चों में बार-बार दस्त लगना, तेज बुखार और कमजोरी जैसे सामान्य लक्षण हैं. कुछ बच्चों की हालत इतनी गंभीर मिलती है कि उन्हें भर्ती भी करना पड़ता है। बदलते मौसम में एहतियात बरतें।



**राजेश ठकराल**

गर्मी में बरतें सावधानी: डॉ. राजेश ठकराल ने बताया कि इस मौसम में लापरवाही लोगों को भारी पड़ सकती है. उन्होंने कहा कि बच्चों और बुजुर्गों को दोपहर तेज धूप में बाहर निकलने से रोकें। घर से बाहर निकलते समय मुंह ढंक कर निकले और धूप से खुद को बचाएं। शरीर में पानी की कमी न हो, इसके लिए बार-बार ज्यादा से ज्यादा पानी पिए। गर्मी में शरीर को हाइड्रेट रखें।



## विधायक सुनील सांगवान ने दरबार लगा सुनीं जनता की जनसमस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

दादरी से भाजपा विधायक सुनील सांगवान ने कहा कि जनता के लिए उनके दरवाजे हमेशा खुले मिलेंगे। नागरिकों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। जनसेवक बनकर क्षेत्र की जनता की भलाई के कार्यों के लिए निःस्वार्थ भाव से तत्पर रहेंगे। आगामी दिनों में दादरी हलका में विभिन्न विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्वक निर्धारित समयावधि में पूर्ण करवाएंगे। विधायक सांगवान ने शुक्रवार को अपने निवास पर खुला दरबार लगाकर जनसमस्याओं का निपटान करने उपरांत कही। विधायक ने कहा कि दादरी की जनता के लिए वे नए नहीं है और उनसे राजनीतिक रिश्ते नहीं बल्कि पारिवारिक रिश्ते हैं। खुला दरबार में लोगों ने बीपीएल कार्ड, टूटी सड़क का निर्माण, सफाई व्यवस्था दुरुस्त न होना सहित कई विभागों की शिकायत रखी।



# पूर्व सांसद बृजेंद्र ने गांवों में सुनीं समस्याएं

- सरकार की अनदेखी से मूलभूत समस्याओं से घिरा आमजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

पूर्व सांसद एवं कांग्रेस नेता बृजेंद्र सिंह ने शुक्रवार को गांवों का दौरा किया। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और उनसे संवाद किया। इस दौरान उन्होंने सरकार पर ग्रामीण विकास की उपेक्षा का आरोप लगाया। ग्रामीण अशोक सिवाच ने बताया कि पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह शुक्रवार को गांव कलिंगा व खरक गांवों में पहुंचे। इस दौरान पूर्व सांसद ने गांव कलिंगा में मुकेश परमार का हालचाल जाना। वहीं गांव रिवाड़ीखेड़ा में ट्रैक्टर-ट्रॉली देने पर सरपंच प्रतिनिधि व पंचों ने पूर्व सांसद को खरक में पगड़ी एवं फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया तथा आभार जताया। ग्रामीणों ने पूर्व सांसद से खराब सड़कों, जल निकासी की समस्या, बेरोजगारी और किसानों की समस्याएं रखीं। पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह ने कहा कि गांवों में सड़क, पानी, बिजली, स्वास्थ्य सुविधाओं और शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं की हालत चिंताजनक है, लेकिन सत्ता पक्ष के जनप्रतिनिधि लोगों की मूलभूत समस्याओं के समाधान के प्रति गंभीर नहीं है।



भिवानी। लोगों से मुलाकात करते पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह। फोटो : हरिभूमि

# पौधें ही हमारी सबसे मजबूत ढ़ाल: बाबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

छोटी काशी के लोगों को पौधरोपण अभियान से भावनात्मक रूप से जोड़ने के लिए त्रिवेणी बाबा के सान्निध्य एवं पर्यावरण प्रहरी हवलदार लोकराम नेहरा के नेतृत्व में भिवानी निवासी रवि रोहिल्ला एवं उनकी धर्मपत्नी मुन्नी देवी ने शादी की 25वीं सालगिरह मनाई। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड परिसर में त्रिवेणी का रोपण किया और त्रिवेणी के संरक्षण एवं देखभाल की जिम्मेवारी रवि व मुन्नी ने ली। उन्होंने कहा कि धरती पर निवास करने वाले प्रत्येक जीव के लिए पौधें जीवनदायी महत्व रखते है। ग्लोबल वार्मिंग जैसी समस्याओं से निपटने के लिए पेड़-पौधें ही सबसे मजबूत ढ़ाल है। ऐसे में पौधारोपण जैसे सराहनीय अभियान में प्रत्येक जन को अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को चाहिए कि जन्मदिन, सालगिरह, किसी खुशी के मौके या अन्य अवसरों पर फिजूल खर्ची करने की बजाए पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम बढ़ाना चाहिए। इस अवसर पर पर्यावरण प्रहरी हवलदार लोकराम नेहरा ने कहा कि वायु प्रदूषण की समस्या को खत्म करने के लिए हमें प्रत्येक जन को विभिन्न अवसरों पर पौधारोपण करने के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता है। नेहरा ने कहा कि पेड़-पौधें हमे ना केवल शुद्ध ऑक्सीजन देते है, बल्कि यह हमारे पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने में भी अहम कार्य करते है। इसीलिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधारोपण को अपनी जिम्मेवारी समझते हुए पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम बढ़ाते हुए स्वच्छ पर्यावरण की मुहिम में आहुति डालनी चाहिए।

## साध्वी मंजुलश्री ठाणे-5 ने नगर की सीमा पर विदाई देने वाले श्रद्धालुओं को संबोधित किया

# मानव का सबसे बड़ा विरोधी होता उसका अहंकार: साध्वी

### अहंकार धनी से धनी व गुणवान से गुणवान मानव को पतन की राह पर ले जाता: जैन साध्वी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

मानव जीवन व सोच का अगर कोई सबसे बड़ा विरोधी है तो वह स्वयं मनुष्य का अहंकार हैं, ये एक ऐसा भाव है जो अगर अंतर में समाहित हो जाए तो सभी सद्गुणों का लोप हो जाता है। इसके उपरांत मनुष्य पतन की राह पर चल पड़ता है, हम ये ध्यान रखे कि चाहे कितना भी बड़ा कार्य परमात्मा हमारे द्वारा करवा दें, लेकिन इस भाव को कभी भी अपने अंतर में रोपित न होने दें, ये बात साध्वी मंजुलश्री ठाणे-5 ने नगर की सीमा पर विदाई देने उपस्थित श्रद्धालुओं को कही। महासचिव राजीव गर्ग ने बताया कि साध्वी ने कुछ दिन के प्रवास के बाद आज रोहतक के लिए विहार किया।

साध्वियों ने बताया कि अहंकार एक ऐसा भाव है, जो धनी से धनी व गुणवान से गुणवान मानव को अंतत पतन की राह पर ले जाता है, जिस पर चलकर उसे केवल पछताना ही पड़ता है।

आज तक के इतिहास ऐसे उदाहरणों से भरा पड़ा है जहां कि बलवान से बलवान व्यक्ति भी आखिर में केवल अपने इसी दुगुर्ण के चलते न सिर्फ अपनी ख्याति को खो बैठा, बल्कि आज उनका नाम केवल उनके बुरे कर्मों के चलते ही याद किया जाता है। इसलिए कभी भी इस भाव को अपने अंर्तमन पर हावी न होने दे।



भिवानी । साध्वियों के गांव संवाड तक विहार के दौरान उपस्थित जैन श्रद्धालु व पुलिसकर्मी

#### अपने अंतर में प्रेम, सदभाव को स्थान दें

साध्वी ने कहा कि अगर जीवन में किसी भाव को समाहित ही करना है तो अपने अंतर में प्रेम, सदभाव, प्रभु के प्रति सच्ची निष्ठा को स्थान दें, जिससे यह जन्म सुधरे तथा भव सागर को पार पाने का मार्ग प्रशस्त हो। एसपी अर्श वर्मा के निर्देश पर साध्वियों की सुरक्षा के लिए पुलिस कर्मियों ने शहर से गांव सांवड तक नगर विहार में अपना पूर्ण सहयोग दिया। जैन समाज एसपी अर्श वर्मा व पुलिस टीम का आभार व्यक्त करता है। इस अवसर पर इंद्रचंद जैन, राजीव जैन, मुकेश जैन, टीनू जैन, लक्की जैन, विनोद जैन, मंजू जैन, तमन्ना जैन, नैना जैन व शांति जैन आदि मौजूद थे।

## रक्तदाता कर रहे कमाल

## सूचना मिलते ही दस युवा इमरजेंसी वार्ड में पहुंचे, किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा ने बताया कि दो निजी हॉस्पिटल में दाखिल महिला मरीजों के लिए ए पॉजिटिव व ओ नेगेटिव फ्रेश रक्त की जरुरत पड़ने का संदेश मिलते ही दस रक्तदाता ब्लड बैंक पहुंचे और रक्तदान किया। इस मौके पर शतकवीर रक्तदाता राजेश डूडेजा ने बताया कि हमें समय समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए। रक्तदान करने से कमजोरी नहीं आती, बल्कि शरीर में स्फूर्ति आती हैं। आज इमरजेंसी में एडवोकेट कांति कौशिक, एडवोकेट सुरेन्द्र सैनी, कनिष्ठ अभियंता कपिल श्योरण, जनस्वास्थ्य विभाग से जतिन कुमार, मुकेश बडाला, सोनू, अमित, ललित, अनिल व विजय ने रक्तदान किया। रक्तदाताओं ने अन्य युवाओं से आह्वान किया कि किसी अनजान की जान बचाने के लिए आगे आएं और रक्तदान करें। इस अवसर पर एडवोकेट देव पराशर, योगेश जांगड़ा, अमरजीत ने रक्तदाताओं का आभार जताया।



## खबर संक्षेप

### डिप्टी डायरेक्टर के खाली पद को भरने की मांग

**भिवानी।** नर्सिंग वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा की मीटिंग एडिशनल चीफ सेक्रेट्री हेल्थ डॉ. सुधीर राजपाल और डायरेक्टर जनरल हेल्थ सर्विस हरियाणा डॉ कुलदीप सिंह से हुई। नर्सिंग वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा की राज्य प्रधान विनीता बांगड़ ने बताया कि मीटिंग में मुख्य मांगे रखी है। इसमें केन्द्र की तर्ज़ पर नर्सिंग ऑफिसर्स को नर्सिंग अलाउंस 7200 रुपये का प्रस्ताव तैयार करके सरकार को भेजने के लिए बोला गया है। डीजीएचएस में डिप्टी डायरेक्टर के खाली पद को भरने बारे। डीपीएचएनओ, पीएचएन के खाली पदों को भरने बारे बोला गया है । म

### बिल्डिंग में आग लगना दुर्भाग्यपूर्ण

**भिवानी।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी जिला कमेटी भिवानी ने लोहड़ बाजार चन्दू हेड़ा भिवानी में स्थित तीन मंजिल बिल्डिंग में बहुत सवेरे अचानक आग लगने की घटना पर अफसोस व दुखः प्रकट करते हुए दुर्भाग्यपूर्ण बताया है । आग किस कारण से लगी है , यह तो जांच करने पर ही पता लगेगा , परन्तु मनीष गर्ग व अभिषेक गर्ग को इस आग से लाखों का नुकसान हुआ है , परिवार के साथ बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटी है , यदि बीमा कम्पनी से आग का बीमा है तो उसे ज्यादा से ज्यादा क्षतिपूर्ति करनी चाहिए , राज्य सरकार को भी आगे आकर पीड़ित व्यापारियों की आर्थिक मदद करनी चाहिए। पार्टी के जिला सचिव कामरेड ओम प्रकाश ने बताया कि वे अपने साथियों के साथ प्रातः घटना स्थल पर गए थे ।

### कार्रवाई की रिपोर्ट स्पष्ट तौर पर भरी जाए : डीसी

**भिवानी।** डीसी महावीर कौशिक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समाधान शिविर में लंबित समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई करें। इसके साथ-साथ पोर्टल पर एटीआर अवश्य भरें। एटीआर में कार्रवाई रिपोर्ट की जानकारी स्पष्ट हो। एटीआर रिपोर्ट अधिकारी अच्छी प्रकार से पढक़र स्वयं भरें। अपने पास कोई भी शिकायत बिना किसी कार्रवाई के लंबित न रखी जाए। डीसी श्री कौशिक शुक्रवार को लघुसचिवालय में समाधान शिविरों में शिकायतों पर की जाने वाली कार्रवाई की समीक्षा कर रहे थे। सहकारिता विभाग की आयुक्त एवं सचिव आशिमा बराड़ ने भी वीसी के माध्यम से निर्देश दिए।

## रि-अपीयर के फॉर्म भरने की अंतिम तिथि बढ़ाने की मांग

# समस्याओं के समाधान के लिए एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन

**समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को मजबूर होगी एनएसयूआई : मनजीत लांग्यान**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



भिवानी। मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो: हरिभूमि

चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर एनएसयूआई जिला अध्यक्ष मनजीत लांग्यान के नेतृत्व में पदाधिकारियों व विद्यार्थियों ने सीबीएलयू के परीक्षा नियंत्रक के माध्यम से कुलपति के नाम मांगपत्र सौंपा। मांगपत्र के माध्यम से एनएसयूआई जिला अध्यक्ष मनजीत लांग्यान ने कहा कि सीबीएलयू द्वारा अभी तक स्नातक व स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों का दिसंबर-2024 का परीक्षा परिणाम जारी नहीं किया गया और कुछ परीक्षा परिणाम अभी 15 अप्रैल को जारी किए गए है, जिससे कि जिन विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम जारी नहीं किया गया या फिर अभी नहीं आया है वह री-अपीयर के फॉर्म भरने में अक्षम है। ऐसे में वे मांग करते है कि रि-अपीयर के फॉर्म भरने की अंतिम तिथि को आगे बढ़ाया जाए साथ ही लंबित परीक्षा परिणाम भी जल्द जारी किया जाए। लांग्यान ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा जारी किए गए कुछ परिणाम में त्रुटि भी है, उन्हे दूर किया जाए। विश्वविद्यालय द्वारा जो स्पेशल चांस देकर 40 विद्यार्थियों की परीक्षाएं करवाई गई थी और जो विद्यार्थी उस परीक्षा में पास हो गए थे, उसका भी परीक्षा परिणाम अभी तक अपडेट नहीं किया गया है, जिसे जल्द अपडेड किया जाए। अगस्त-2024 में जो परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय द्वारा जारी किया गया था, उनमें अधिकत्तम विद्यार्थियों की परीक्षाओं व प्रैक्टिकल में अनुपस्थित दिखाया गया था, जबकि वे उपस्थित थे तथा उन्होंने कई बार अपने-अपने महाविद्यालय के माध्यम से व स्वयं भी विश्ववद्यिालय में सभी दस्तावेज जमा करवा दिए है, लेकिन उनके परीक्षा परिणाम में बदलाव नहीं किया गया, जिस समस्या का जल्द से जल्द समाधान किया जाना चाहिए। विश्वविद्यालय द्वारा करवाई जाने वाली परीक्षाओं का परिणाम जारी करने, विद्यार्थियों द्वारा दी जानी वाली शिकायतों के समाधान की, परिणाम के बाद दी जाने वाली डिग्री या डीएमसी देने की, अंक सुधार के परिणाम की समय सीमा निर्धारित की जाए। परीक्षाएं शुरू होने से कम से कम 10 दिन पहले अनुक्रमांक जारी किए जाए। विश्वविद्यालय में बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर के नाम से छात्रावास व शहीद भगत सिंह के नाम खेल के मैदान की सुविधा दी जाए। सैमेस्टर के माध्यम से परीक्षाएं ना करवाकर वर्ष में एक बार करवाई जाए।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर मोनिका, मनीष, ममता, रीतू, प्रियंका, प्रिया, रमित, सरोज, मनदीप, हरिदास मेहरास, वसीम, दीपक, नवीन, परविंद्र कटारिया, सुखबीर सिंह, नवीन दिनोदिया, संजू, रिंकू, दीपक, नसीब, शिवा, रामोतार सहित अन्य विद्यार्थी भी मौजूद रहे।

# प्राकृतिक खेती अपनाने को किया प्रेरित

- ग्राम स्वराज किसान मोर्चा ने गोशाला में बताया गौ आधारित प्राकृतिक खेती का महत्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



भिवानी। गोशाला में गौ आधारित प्राकृतिक खेती के बारे में बताते जोगेंद्र तालु।

भारत में गाय मात्र पशु नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक, धार्मिक और कृषि परंपराओं का अभिन्न हिस्सा है। वर्तमान में रासायनिक खेती के बढ़ते प्रभाव के कारण न केवल पर्यावरण को नुकसान हो रहा है, बल्कि हमारी पारंपरिक कृषि पद्धतियां और गायों की उपयोगिता भी उपेक्षित हो रही है। गौ आधारित प्राकृतिक खेती न केवल पर्यावरणीय संतुलन को बहाल करने में सहायक है, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत की रक्षा का भी प्रभावी माध्यम है, ये बात ग्राम स्वराज किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जोगेंद्र तालु ने कही। शुक्रवार को गांव तालु स्थित गौशाला में गौशाला कर्मचारियों के साथ मिलकर जोगेंद्र ने सफाई अभियान चलाकर उपस्थित लोगों को गौ आधारित प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। सुधार तालु ने कहा कि समय की मांग है कि हम अपनी पारंपरिक ज्ञान प्रणाली को पुनर्जीवित करें और गाय को पुनः हमारी कृषि एवं संस्कृति के केंद्र में स्थान दें। इस अवसर पर नंबरदार प्रताप सिंह, विजय चेपवा, वजीर सिंह, अशोक बुगला आदि मौजूद रहे।

# घेराव को लेकर बैठक में किया मंथन

- मुख्यमंत्री आवास कुरूक्षेत्र में घेराव करने जाएंगे हजारों कर्मचारी : कृष्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी



चरखी दादरी। बैठक के दौरान चर्चा करते कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

एचकेआरएन के तहत लगे कर्मियों को बिना किसी ठोस कारण ड्यूटी से रिलीव करने के मामले को लेकर सर्व कर्मचारी संघ व सभी संगठनों द्वारा लगातार सरकार के कदम की घोर निंदा की जा रही हैं और इसे अन्याय बताया है। साथ ही जिन कर्मियों पर गाज गिरी है, उनको इंसाफ दिलवाने के लिए काम आगे बढ़कर किया जा रहा है। इसी कड़ी में राज्य कमेटी के आह्वान पर आगामी 20 अप्रैल कर्मचारियों को वापस लेने के बारे में मुख्यमंत्री आवास कुरूक्षेत्र पर समस्त हरियाणा से साथियों द्वारा पहुंचकर प्रदर्शन किया जाएगा। यह जानकारी जिला प्रधान कृष्ण कुमार उण ने दी। जिला कार्यालय में आयोजित बैठक के दौरान घेराव को पूरी तरह से सफल करने व रणनीति बनाने के लिए विचार विमर्श जिला प्रधान की अध्यक्षता में किया। संचालन जिला सचिव मास्टर रामपाल ने किया। कर्मचारी नेताओं ने बताया कि प्रदेश सरकार का रवैया लगातार कर्मियों का विरोधी होता जा रहा है। बैठक में एसकेएस जिला वरिष्ठ उपप्रधान यशपाल सांगवान, ओमवीर कालेहर, सतवीर सरोहा, विजय लांबा, योगेश जांगड़ा मिसरी, कृष्ण शास्त्री, कुलवीर सांगवान, कपिल रावलधी, पूनम सांगवान, ज्योती, राजकुमार घिकाड़ा आदि मौजूद रहे।

# स्वतंत्रता सेनानी तात्या टोपे को दी श्रद्धांजलि

- प्रथम संग्राम के प्रमुख सेनानायक थे तात्या टोपे : महेन्द्रपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



भिवानी। तात्या टोपे को श्रद्धांजलि देते महेंद्रपाल यादव व अन्य।

मराठा सर सेनापति श्रीमंत तात्या टोपे भारत के प्रथम स्वाधीनता संग्राम के प्रमुख सेनानायक थे। सन 1857 के महान विद्रोह में उनकी भूमिका सबसे महत्त्वपूर्ण, प्रेरणादायक और बेजोड़ थी,ये बात स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी कल्याण संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेन्द्रपाल यादव ने महान स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद तात्या टोपे के 167वें बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कही।

उन्होंने बताया कि रणबांकुरे तात्या टोपे को कोई जागते हुए नहीं पकड़ सका। विद्रोह और अंग्रेजों के विरुद्ध युद्ध लड़ने के आरोप में 15 अप्रैल 1859 को शिवपुरी में तात्या का कोर्ट मार्शल किया। कोर्ट मार्शल के सभी सदस्य अंग्रेज थे। परिणाम जाहिर था, उन्हें मौत की सजा दी गई। शिवपुरी के किले में उन्हें तीन दिन बंद रखा गया। 18 अप्रैल को शाम चार बजे तात्या टोपे को अंग्रेज कंपनी की सुरक्षा में बाहर लाया गया और हजारों लोगों की उपस्थिति में खुले मैदान में फांसी पर लटका दिया। कहते हैं तात्या टोपे फांसी के चबूतरे पर दृढ़ कदमों से ऊपर चढ़े और फांसी के फंदे में स्वयं अपना जीवन देश के लिए बलिदान कर दिया।

इस अवसर पर बिजेन्द्र कोट, रणबीर सांगवान, रामअवतार, सुरजभान बामला, प्रकाश धनाना, धर्मपाल ग्रेवाल, रामपाल यादव, जसबीर फौजी, सुभाष बामला, सतबीर भैणी, चत्तर जीता खेड़ी आदि उपस्थित रहे।

# बाल विवाह को रोकने की शपथ ली

- एसडीएम महेश कुमार ने आखा तीज/अक्षय तृतीया के मद्देनजर बाल विवाह को रोकने के लिए दिए अधिकारियों को निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



भिवानी। आयोजित बैठक में बाल विवाह रोकने को लेकर शपथ दिलाते हुए।

एसडीएम महेश कुमार ने कहा कि 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया/ आखा तीज है, जो विवाह का शुभ अभूज मुहूर्त माना जाता है। इस दिन अनगिनत विवाह होते हैं, जिसमें जाने और अनजाने में बाल विवाह होने की संभावना होती है। बाल विवाह निषेध अधिनियम- 2006 के अनुसार बाल विवाह करना एक कानूनी अपराध है। जिला में बाल विवाह में संलिप्त लोगों पर कानूनी शिकंजा कसा जाएगा। डीसी महावीर कौशिक के मार्गदर्शन में जिला में बाल विवाह रोकने को लेकर बैंक्वेट हॉल और मैरिज पैलेशों पर छापामार कार्रवाई सहित सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

एसडीएम महेश कुमार विशेषकर अक्षय तृतीया के मद्देनजर बाल विवाह रोकथाम को लेकर शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को जरूरी निर्देश दे रहे थे। इस दौरान बाल विवाह रोकने को लेकर शपथ भी दिलाई गई। एसडीएम ने कहा कि कानून के अनुसार विवाह के लिए लडक़ी की शादी की उम्र 18 वर्ष व लडक़े की शादी की उम्र 21 वर्ष निर्धारित की गई है। निर्धारित आयु से कम में विवाह करना कानूनी अपराध होता है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह में संलिप्त सभी लोगों पर कानूनी कार्यवाही किए जाने का भी प्रावधान है, जिसके तहत दो साल की सजा और एक लाख रूपये जुर्माने का भी प्रावधान है।

**दुल्हा व दुल्हन की आयु प्रमाण पत्र जांचें**

उन्होंने कहा कि 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया असंख्य विवाह होने के चलते बाल विवाह होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। ऐसे में विवाह करवाने वाले पंडित, पुजारी, गांव के पंच, सरपंच, नंबरदार व शहरों में नगर पार्षदों एवं सामुदायिक केन्द्र, सार्वजनिक भवन, बैंकट हाल, मैरिज पैलेस, धर्मशाला इत्यादि के मालिक/प्रभारियों कार्ड प्रिंटिंग, फोटोग्राफर, बैंड बाजा व टेंट हाउस के लिए जरूरी है कि वे अपने क्षेत्र में आयोजित होने वाले विवाह समारोह के संबंध में पहले दूल्हा व दुल्हन के आयु प्रमाण पत्रों की जांच कर लें व आयु प्रमाण पत्रों की एक प्रति अपने पास भी रखें। अपने क्षेत्र और संस्थान में बाल विवाह न होने दें।

### आगजनी की घटना पर जताया प्रधान ने रोष

**भिवानी।** प्रदेश में हर दिन व्यापारी वर्ग के साथ कोई ना कोई घटना घटित होती रहती है जिससे व्यापारी वर्ग को काफी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। आज भिवानी के चन्द्रुहेड़ा स्थित कृष्णा बाथ एवं सेंट्री हाउस के गोदाम एवं घर में हुई आगजनी की घटनाओं से व्यापारी भाइयों को करोड़ों का नुकसान हुआ है। सरकार को पीड़ित व्यापारी भाइयों के लिए उचित मुआवजे की घोषणा करनी चाहिए यह बात हरियाणा व्यापार मंडल के प्रदेश महासचिव एवं चैम्बर ऑफ कॉमर्स के भिवानी प्रधान डॉ.पवन बुवानीवाला द्वारा जारी प्रैस व्यक्तव्य में कही। उन्होंने कृष्णा बाथ एवं सेंट्री हाउस के गोदाम एवं घर में हुई आगजनी की घटनाओं से हुए नुकसान पर गंभीर चिंता प्रकट करते हुए कहा कि सरकार को आग लगने से हुए नुकसान की भरपाई के लिए आवश्यक कदम उठाना चाहिए। उन्होंने बताया कि व्यापारी भाइयों मनीष कुमार,विकास कुमार एवं अभिषेक के कृष्णा बाथ एवं सेंट्री हाउस के नाम से नया बाजार भिवानी में तीन प्रतिष्ठान हैं उन्होंने अपने स्टॉक को स्टोर करने लिए चन्द्रुहेड़ा स्थित अपने घर पर गोदाम बनाया हुआ था।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

### बार एसो. तोशाम ने दसवां स्थापना दिवस मनाया धूमधाम से

**भिवानी।** बार एसोसिएशन तोशाम ने शुक्रवार को तोशाम सिविल कोर्ट का 10वां स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया। 18 अप्रैल 2015 को तोशाम कोर्ट कि शुरुआत हुई थी इस खुशी में शुक्रवार को तोशाम सिविल कोर्ट का दसवां स्थापना दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर भिवानी के जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीआर चालिया एवं पवन कुमार सीजेएम लीगल ऐड भिवानी मुख्य तौर पर बार एसोसिएशन तोशाम के कार्यक्रम में पहुंचे। इस अवसर पर बार में वकीलों कि समस्या सुनी व बार व बैंच मिलकर वादों के त्वरित सुनवाई करके लोगों को सस्ता व सुलभ न्याय दिलाने की अपील की।

# प्रशिक्षण शिविर से मिलता है अनुभव

- प्रशिक्षण शिविरों के आयोजन से अनुशासन, नेतृत्व, देशभक्ति व सेवा भावना का होता है विकास

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहल



बीआरसीएम विद्याग्राम बहल के परिसर में चल रहे एनसीसी के दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन विभिन्न प्रेरणादायक गतिविधियां व प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए। शिविर में प्रशिक्षणार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व, देशभक्ति व सेवा भावना के अलावा उनको रक्षा सेवाओं के लिए तैयार करने के लिए उनमें देशभक्ति का संचार किया गया। शिविर के कैंप कमांडेंट कर्नल राजेश दहिया व डिप्टी कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल थॉमस कुट्टी के नेतृत्व में यह प्रशिक्षण शिविर संचालित किया जा रहा है। संचालन में सूबेदार मेजर गोपाल कृष्ण, सूबेदार सुरेंद्र सिंह, नायब सूबेदार हरपाल सिंह, बीएचएम अशोक कुमार, लिपिक दिनेश कुमार, चैनसुख, कृष्ण व प्रशासनिक लिपिक ईएसएम दिनेश कुमार सहित अन्य अनुभवी अधिकारी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इस शिविर में 20 से अधिक शैक्षणिक संस्थानों से आए कुल 595 एनसीसी कैडेट्स भाग ले रहे हैं जिन्हें आगामी प्रमाण पत्र परीक्षाओं हेतु तैयार किया जा रहा है। प्रशिक्षण के अंतर्गत हथियार संचालन, ड्रिल, व्यक्तित्व विकास, सामाजिक अध्ययन, मानसिक एवं शारीरिक दृढ़ता को बढ़ाने वाले सत्र शामिल हैं। कर्नल राजेश दहिया ने कहा यह शिविर केवल प्रशिक्षण का नहीं बल्कि आपके जीवन को दिशा देने वाला एक अनुभव है। यहां आप टीम भावना, नैतिकता, मित्रता और चुनौतियों का समाधान सीखते हैं जो आपको जिम्मेदार नागरिक बनाएगा।

## पोर्टल पर सीटें न दर्शाने पर 122 स्कूलों को कारण बताओ नोटिस

- नोटिस जारी करने के बाद स्कूल संचालकों में मचा हड़कम्प

**भिवानी।** शिक्षा विभाग ने आरटीई (2009 के ) के तहत आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के लिए मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों द्वारा दाखिले की सीटें पोर्टल पर न दर्शाने पर शिकंजा कसना आरंभ कर दिया है। शिक्षा विभाग ने जिले के इस तरह के 122 प्राइवेट स्कूलों को कारण बताओं नोटिस जारी किए है। अधिकारी ने भेजे नोटिस में सीटें न दिखाने का कारण पूछा है। शिक्षा विभाग ने जल्द ही नोटिस का जवाब दिए जाने के निर्देश दिए है।

डीईओ द्वारा भेजे गए नोटिस के माध्यम से कहा गया है कि बार बार सूचना व जानकारी मांगी गई,लेकिन जिले के 122 स्कूलों ने सीटें खाली रहने के बारे में पोर्टल पर कोई जानकारी नहीं दी है। इस बारे में विभाग के निदेशक कार्यालय से कई बार पत्राचार भी किया गया,पर निजी स्कूल संचालकों ने इन आदेशों को अनदेखा कर दिया। शिक्षा विभाग ने जिन स्कूलों को नोटिस जारी किए है। उन स्कूलों में शहर के अलावा कस्बों के नामी स्कूलों के नाम भी शामिल है। जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष भारद्वाज ने बताया कि जिले के 122 प्राइवेट स्कूलों को नोटिस जारी किए गए है। उनको जल्द ही नोटिस का जवाब देने के निर्देश दिए है। शिक्षा विभाग के पोर्टल पर सीटें न दर्शाने की वजह आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को दाखिला न देना माना जा रहा है। अगर स्कूल दाखिले की सीटें पोर्टल पर डाल दे तो उन खाली सीटों पर आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों का दाखिला करवाया जा सकता है। पर जिले के 122 स्कूलों ने इन दाखिलों से बचने के लिए शिक्षा विभाग के पोर्टल पर खाली सीटों की संख्या नहीं डाली गई।

## शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो तीखा आंदोलन

# हेमसा प्रतिनिधिमंडल ने की डायरेक्टर से वार्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

- रेशनेलाइजेशन के नाम पर पदों को समाप्त करने की साजिश रच रही सरकार, कर्मियों में रोष

हरियाणा एजुकेशन मिनिस्ट्रियल स्टाफ एसोसिएशन की प्रदेशाध्यक्ष संदीप सांगवान के नेतृत्व मे पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने डायरेक्टर के साथ मांगपत्र पर वार्ता की तथा गत 18 मार्च को हुई मीटिंग के फैसलों को लागू न करने पर विरोध जताया। प्रतिनिधिमंडल में संदीप सांगवान, बलजीत खरब, स्वर्ण सिंह, कृष्ण रेढू, मनोज भालोठिया, सत्यवान मोर व राजकुमार आदि शामिल थे। डायरेक्टर ने मांगपत्र पर चर्चा करने उपरांत कहा कि कुछ बिंदुओं का निपटान डायरेक्टर स्तर तथा कुछ सरकार स्तर पर किया जाना है। सांगवान ने शिक्षा विभाग फील्ड मिनिस्ट्रियल स्टाफ कर्मियों का पक्ष रखते हुए कहा कि काफी अरसे से कर्मियों के मामले ज्यो की त्यो अफसरशाही पर पड़े है, जिनकी सूध नहीं ली जा रही है।

**शिक्षा विभाग फील्ड में सहायक, आंकड़ा सहायक उपाधीक्षक, अधीक्षक के 50 प्रतिशत पद खाली पड़े**

*सांगवान ने कहा कि नियमों को तांक पर रखकर जबरन ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी थौंपकर मामूली वेतन प्राप्त कर्मियों को घर से बेघर कर दिया। लंबे संघर्ष के बावजूद भी पांच साल बीतने पर भी ड्राइव नहीं चलाया, ऐसी कार्यप्रणाली से कर्मियों में गहरा रोष है। 300-350 कर्मियों को आनन-फानन में दूर-दराज बदल दिया। पांच साल बीतने के उपरांत भी ड्राइव नहीं चलाया, जिससे शिक्षा विभाग फील्ड मिनिस्ट्रीयल स्टाफ में गहरा रोष है। बिंदुवार कर्मियों का पक्ष रखा, लेकिन डायरेक्टर टाल-मटोल करते नजर आए। शिक्षा सदन में विराजमान अफसरशाही लगातार सरकार के आदेशों की धज्जियां उड़ा रही है। शिक्षा विभाग फील्ड में सहायक, आंकड़ा सहायक, उपाधीक्षक, अधीक्षक के 50 प्रतिशत पद खाली पड़े है। सभी पदोन्नति फाइलें शिक्षा सदन में ही धूल फांक रही है, लेकिन कोई काम नहीं हो रहा है। हेमसा लगातार मांग कर रही है कि सीनियर सैकेंडरी स्कूलों में सहायक, बीईओ में आंकड़ा सहायक, उपाधीक्षक, डीईईओ में अधीक्षक व डीईओ में स्थापना अधिकारी का पद स्वीकृत किया जाए। सरकार रेशनेलाइजेशन के नाम पर मिनिस्ट्रियल स्टाफ के पदों को समाप्त करने की साजिश रच रही है। सांझी मांगों को लेकर सभी केंद्रीय ट्रेड यूनियनों, कर्मचारी संगठनों, ऑल इंडिया स्टेट गवर्मेंट एंपलाईज फेडरेशन एवं सर्व कर्मचारी संघ के आह्वान पर आगामी 20 मई को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शिक्षा विभाग फील्ड मिनिस्ट्रियल कर्मचारी बढ़-चढ़कर भाग लेगा।*

शिक्षा संस्कार चरित्र निर्माण
कोचिंग के क्षेत्र का बड़ा नाम.....
आर्यन कोचिंग सैन्टर
'विश्वास का दूसरा नाम'
नये बैच शुरू
12th के बाद नौकरी-कॉमन बैच
C.E.T.
रेलवे
CUET
अग्निवीर
S.S.C.
Delhi Police
अनुभवी अध्यापक
नोटस पैकेज
शानदार रिजल्ट
पता : पारस वाली गली, नजदीक बस स्टैण्ड, च. दादरी
9050035973, 9812611926